# पेड़ की बात ( प्रश्नोत्तर )

प्रश्न 1.बीज से अंकुर कब निकलता है ?
उत्तर: बहुत दिनों तक मिट्टी के नीचे बीज दबा रहता है। तत्पश्चात सर्दियों के बाद वसंत आता है। वर्षा की शुरुआत में एक दो दिन पानी बरसता है तो बीज से अंकुर निकलता है।

प्रश्न 2. गमले के पौधे को खिड़की के पास क्यों रखा जाता है?
उत्तर: गमले के पौधे को खिड़की के पास इसलिए रखा जाता है, ताकि वह सूर्य की रोशनी पा सके और फलता-फूलता रहे।

प्रश्न 3. पौधे हमें कौन-सी वायु प्रदान करते हैं ?
उत्तर: पौधे हमें जीवित रहने के लिए प्राणवायु प्रदान करते हैं।

प्रश्न 4. जड़ और तने से आप क्या समझते हो ?
उत्तर: अंकुरण के पश्चात पौधे का जो भाग जमीन के अंदर रहता है वह 'जड़' तथा जो भाग भूमि के ऊपर बढ़ता है, वह तना कहलाता है। जड़ का कार्य भूमि से पानी तथा मिट्टी से द्रव्यों को लेकर पौधे को पहुँचाना है। तने पर पत्ते, फूल तथा फल लगते हैं।

प्रश्न 5.सूर्य का प्रकाश पौधों के लिए क्यों आवश्यक है?
उत्तर: सूर्य का प्रकाश पौधों के लिए अत्यावश्यक है। सूर्य के प्रकाश की मदद से ही पौधे अपना भोजन बनाते हैं। इस प्रक्रिया में वे वातावरण में उपस्थित कार्बन डाईऑक्साइड को लेकर बदले में वातावरण में ऑक्सीजन छोड़ते हैं।

प्रश्न 6. पेड़-पौधे भोजन कैसे करते हैं?
उत्तर : पेड़-पौधों के दाँत नहीं होते, इसलिए वे केवल तरल द्रव्य या वायु से भोजन ग्रहण करते हैं। पेड़-पौधे जड़ के द्वारा मिट्टी से रस-पान करते हैं।

प्रश्न 7. पेड़ के शरीर में रस का संचार कैसे होता है?
उत्तर : पेड़ की डाल अथवा जड़ का सूक्ष्मदर्शी यंत्र द्वारा परीक्षण करके देखा जा सकता है कि पेड़ में हज़ारों नल हैं। इन्हीं सब नलों के द्वारा माटी से पेड़ के शरीर में रस का संचार होता है।

**MCQ :-**

(क) अंकुरण किसका होता है?
- (i) पत्ता
- (ii) जड़
- (iii) तना
- (iv) बीज

(ख) गमले को औंधा लटकाने पर पौधा बढ़ेगा-
- (i) नीचे
- (ii) ऊपर
- (iii) दाएँ
- (iv) बाएँ

(ग) अंगारक वायु है-
- (i) कार्बन डाईऑक्साइड
- (ii) ऑक्सीजन
- (iii) प्राणवायु
- (iv) सभी उत्तर सही हैं।

(घ) बीज होता है-
- (i) फल में
- (ii) पत्ते में
- (iii) फूल में
- (iv) टहनी में

(ङ) पुराना पेड़ हो जाता है-
- (i) सूखा
- (ii) क्षीण
- (iii) हरा
- (iv) कमज़ोर

(च) मधुमक्खी का आगमन करता है-
- (i) उपकार
- (ii) अपकार
- (iii) विनाश
- (iv) इनमें से कोई नहीं

(छ) **कथन (A):** बीज के अंकुर का एक भाग मिट्टी के नीचे की ओर बढ़ता है।

**कारण (R):** क्योंकि जड़ का कार्य पौधे को मिट्टी में मजबूती से पकड़ना और पोषण प्राप्त करना होता है।

(क) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(ख) A और R दोनों सत्य हैं पर R, A की सही व्याख्या नहीं करता।
(ग) A सत्य है, R असत्य है।
(घ) A असत्य है, R सत्य है।

(ज) **कथन (A):** अंकुर का दूसरा भाग मिट्टी फोड़कर नीचे की ओर निकल आता है।

**कारण (R):** क्योंकि तना सूर्य के प्रकाश की ओर बढ़ता है।

सही विकल्प चुनिए:
(क) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(ख) A और R दोनों सत्य हैं पर R, A की सही व्याख्या नहीं करता।
(ग) A सत्य है, R असत्य है।
(घ) A असत्य है, R सत्य है।